Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- फलोदी में जिला अस्पताल, फलोदी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड को 7,000/– रूपयें रिश्वत लेतें रंगे हाथों गिरप्तार।

जयपुर, दिनांक 13 मार्च 2026, शुक्रवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल फलोदी** को **7,000/– रूपयें** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरप्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड चिकित्सा अधिकारी जिला, अस्पताल फलोदी द्वारा परिवादी के द्वारा पुलिस थाना फलोदी में दर्ज मुकदमे में परिवादी व अन्य व्यक्ति के चोटो की मेडिकल रिपोर्ट उनके पक्ष में तैयार करने की एवज मे 10,000/– रूपये की रिश्वत राशि की मांग करना तथा आरोपी डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड द्वारा 3,000/– रूपये रिश्वती राशि मांग सत्यापन वार्ता से पहले लेना एंवम 7,000/– रूपये रिश्वत राशि की ओर मांग करना पाया गया।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** सुपरविजन में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी**, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर ग्रामीण के नेतृत्व में **पुलिस निरीक्षक श्री अनिल कुमार** मय ब्यूरों जाब्ता के आज ट्रेप कार्यवाही करतें हुए डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल फलोदी को 7,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया ।

आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा।